प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 17.01.2025

- **कानपुर देहात पुलिस द्वारा पशुओं को क्रुरतापूर्वक लादकर ले जाने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही।**
- **थाना सिकन्दरा पुलिस टीम द्वारा नेशनल हाइवे पर वध के उद्देश्य से ट्रक में क्रूरतापूर्वक लादकर ले जाये जा रहे 29 राशि गौवंश को बरामद किया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक, कानपुर रेंज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम एवं खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में दिनांक 16/17.01.2025 की रात्रि में प्र0नि0 सिकन्दरा मय हमराह फोर्स के नेशनल हाईवे पर भ्रमणशील थे कि वाहन कन्टेनर सं0- UP 21 DT 2931 द्वारा एक्सीडेंट करके औरैया से कानपुर की तरफ आने की सूचना मिली। उक्त सूचना पर थाना सिकन्दरा पुलिस टीम द्वारा उक्त वाहन को खोजाफूल के पास खड़ा पाया गया जिसमें कोई चालक मौजूद नहीं मिला, कन्टेनर को खोलकर देखा गया तो उसमें क्रूरतापूर्वक रस्सियों से बंधे 29 राशि गौवंश (सांड) बरामद हुए जिनको वध के उद्देश्य से परिवहन कर ले जाया जा रहा था। बरामद गौवंशों को वृहद गौशाला संरक्षण केन्द्र गुरदही बुजुर्ग में लाकर डियूटी में लगे कर्मचारीगणों की देखरेख में उतरवाकर सुपुर्द किया गया तथा जरिये दूरभाष पशु चिकित्साधिकारी सिकन्दरा को सूचित किया गया। पशु चिकित्साधिकारी द्वारा मौके पर पहुंचकर मेडिकल परीक्षण किया गया। गौवंशों की बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सिकन्दरा पर मु0अ0सं0 09/2025 धारा 3/5क/8 गोवध निवारण अधिनियम व धारा 11घ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम बनाम 1. ट्रक कन्टेनर संख्या UP 21 DT 2931 का वाहन स्वामी मोहम्मद शादाब पुत्र अब्दुल सलाम निवासी समीम अहमद पुत्र छुट्टन मोहल्ला मनिहारन भोजपुर पोस्ट भोजपुर धर्मपुर अहातमाली एमबीडी मुरादाबाद 2. कन्टेनर चालक नाम पता अज्ञात पंजीकृत किया गया। बरामद कन्टेनर को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही नियमानुसार की जा रही है।

बरामदगी का विवरण-

1. कन्टेनर संख्या UP 21 DT 2931
2. 29 राशि गौवंश

बरामद करने वाली थाना सिकन्दरा पुलिस टीम -

1. प्र0नि0 श्री महेश कुमार
2. उ0नि0 श्री चरण सिंह
3. व0उ0नि0 श्री तबारक अहमद
4. हे0का0 92 सुरेन्द्र सिंह
5. का0 98 गौरव कुमार